# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, खगड़िया।
☎06244-222815, E-mail-dc.khagaria@gmail.com


कार्यालय आदेश 21 / दिनांक : 15/01/2025

## कार्यालय आदेश

मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना (गुणवता प्रभावित) अन्तर्गत संवेदक– Mahavir Buildwell Pvt. Ltd. को बेलदौर प्रखंड के ईतमादी पंचायत में वार्ड संख्या– 03,04,07,08 एवं 10 एकरारनामा संख्या– MBD-467,468/2019-20 के अंतर्गत "हर घर नल का जल" योजना का कार्य आवंटित है। सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अवर प्रमंडल, गोगरी के ज्ञापांक–133 दिनांक–02.09.2024 द्वारा प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के अनुसार उक्त एकरारनामा में O&M का कार्य एकरारनामा के अनुसार नही की जा रही है, उक्त वार्ड की योजनाओं के पम्प चालक का पारिश्रमिक भुगतान कई माह से लंबित है, तथा उक्त योजनाओं में टंकी एवं फिल्टर की सफाई नहीं की गई है, क्लोरिनेटर खराब है, भेसल फटा हुआ है, स्ट्रक्चर में पैंट नही है, केमिकल नहीं है Rising Valve लिकेज है, इन सभी त्रुटियों से संबंधित जानकारी संवेदक को कई बार व्हाटसएप्प, दूरभाष एवं पत्र के माध्यम से दिया गया। परन्तु वर्तमान तक संवेदक द्वारा त्रुटि का निराकरण कर जलापूर्ति चालू नहीं की गई है एवं वर्तमान में भी कोई कार्य नही किया जा रहा है। जिलाधिकारी खगड़िया के स्तर से दिनांक– 20.11.2024 एवं 21.11.2024 को राज्य स्तरीय जाँच के क्रम में योजना बंद पाया गया जिस पर खेद व्यक्त किया गया। इससे यह प्रतीत होता है कि संवेदक को आवंटित कार्य का संचालन करने के प्रति गंभीर नहीं है। "हर घर नल का जल" एक महत्त्वकाक्षी योजना है एवं इस योजना का लाभ आम जनों को नही मिल पा रहा है, ऐसी परिस्थिति में संवेदक द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही उचित नही है।

अतः उपरोक्त वर्णित तथ्यों एवं संबंधित सहायक अभियंता के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आलोक में एकरारनामा के अनुसार कार्य में लापरवाही एवं रूचि नही लेने के लिए सम्यक् विचारोपरांत एवं बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका–11 (क) की उपकंडिका–II के आलोक में संवेदक– Mahavir Buildwell Pvt. Ltd. (सूचीबद्धता संख्या– 1798/2019) को अगले सभी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

15/01/2025
कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, खगड़िया।

ज्ञापांक– 116 / दिनांक– 15/01/2025
प्रतिलिपिः– Mahavir Buildwell Pvt. Ltd. संवेदक को सूचनार्थ प्रेषित।

15/01/2025
कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, खगड़िया।

ज्ञापांक– 116 / दिनांक– 15/01/2025
प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बेगूसराय/मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, भागलपुर प्रक्षेत्र, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

15/01/2025
कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, खगड़िया।

ज्ञापांक– 116 / दिनांक– 15/01/2025
प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

15/01/2025
कार्यपालक अभियंता,
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, खगड़िया।